Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:17 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 81 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 15 सितम्बर 2026

ठंडे बस्ते में गई हैवान...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सीएम शुभेंदु के पीए की मां को नंदीग्राम से टिकट

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में दो विधानसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। इसमें रेजीनगर और नंदीग्राम शामिल हैं। भाजपा ने रेजिनगर से शाखारव सरकार और नंदीग्राम से हासिरानी रथ को उम्मीदवार बनाया है। हासिरानी रथ शुभेंदु अधिकारी के पीए रहे चंद्रनाथ रथ की मां हैं। बता दें कि चंद्रनाथ रथ की मई में हत्या कर दी गई थी। बता दें कि 24 परगना जिले में 6 मई की रात मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चार राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से तीन गोलियां चंद्रनाथ के सिर में लगी थीं। 41 वर्षीय रथ मूल रूप से पूर्वी मेदिनीपुर जिले के चांदपुर के रहने वाले थे। यह वह राजनीतिक क्षेत्र था, जिसने बंगाल की राजनीति में शुभेंदु अधिकारी के उदय को आकार दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शांत स्वभाव और चर्चाओं से दूर रहने वाले रथ, वर्षों से अधिकारी के करीबी समूह का हिस्सा होने के बावजूद बड़े पैमाने पर जमीन पर काम करते रहे।

### मदीना में मिला 11 करोड़ टन यूरेनियम भंडार: सऊदी अरब के दावे से हलचल

नई दिल्ली । सऊदी अरब ने मदीना के जबल सईद क्षेत्र में करीब 11 करोड़ टन अयस्क संसाधन मिलने का दावा किया है, जिसमें भारी दुर्लभ मृदा तत्वों के साथ यूरेनियम की भी उत्साहजनक मात्रा बताई गई है। सोमवार को सामने आई मीडिया रिपोर्टों में सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान के हवाले से यह जानकारी दी गई। यह खोज सऊदी अरब की विजन 2030 के तहत ऊर्जा और खनिज संसाधनों में विविधता लाने की कोशिश तथा अमेरिका के साथ उसके नागरिक परमाणु सहयोग के बीच सामने आई है। क्षेत्रीय स्तर पर ईरान के साथ तनाव के बीच यह खोज सऊदी अरब के ऊर्जा और रणनीतिक महत्व को और बढ़ा सकती है।

## राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस: सपनों को हकीकत में बदलते हैं

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस पर देश के इंजीनियरों को बधाई दी और सर एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इंजीनियरों को 'कर्मयोगी' बताते हुए कहा कि वे सपनों को हकीकत में बदलते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस के मौके पर महान भारतीय इंजीनियर और राजनेता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही बेहतर भविष्य के लिए निर्माण,



इनोवेशन और समाधान तैयार करने में इंजीनियरों के योगदान की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर देश भर के इंजीनियरों को बधाई दी और विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा, सभी बेहतरीन इंजीनियरों को

**सराहना**
- पीएम मोदी की भारत रत्न विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि
- राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस पर देश के इंजीनियरों को बधाई दी

इंजीनियर्स डे की बधाई। वे लोग जो बेहतर कल के लिए निर्माण करते हैं, नई चीजें बनाते हैं और समाधान देते हैं। सर एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि, जिनकी इंजीनियरिंग की प्रतिभा और राष्ट्र-निर्माण की सोच आज भी प्रेरित करती है। पीएम मोदी ने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें उन्होंने विचारों और आकांक्षाओं को ठोस उपलब्धियों में बदलने में इंजीनियरों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्हें देश की प्रगति के लिए काम करने वाले कर्मयोगी बताया।

उन्होंने कहा, इंजीनियर केवल मशीनें नहीं बनाते। वे कर्मयोगी हैं जो सपनों को हकीकत में बदलते हैं। मैं भारत के हर इंजीनियर की सराहना और प्रशंसा करता हूं। भारत में ऐसे कई इंजीनियर हुए हैं जिन्होंने अकल्पनीय को कल्पनीय में बदल दिया और ऐसे कारनामे किए जिन्हें इंजीनियरिंग की दुनिया में चमत्कार माना जाता है।

महत्वपूर्ण किशाऊ बांध परियोजना की अहम बैठक

## किशाऊ बांध परियोजना छह राज्य करेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली
एजेंसी

ऊपरी यमुना बेसिन में प्रस्तावित किशाऊ बांध परियोजना को लेकर राज्यों के बीच लंबे समय से चल रही प्रक्रिया अब अहम पड़ाव पर पहुंच गई है। मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में परियोजना से जुड़े छह राज्यों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

660 मेगावाट की महत्वपूर्ण किशाऊ बांध परियोजना की अहम बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बैठक में शामिल होने के लिए सोमवार की शाम दिल्ली रवाना हो गए। ऊपरी यमुना बेसिन में प्रस्तावित 660 मेगावाट क्षमता की इस परियोजना को लेकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी राज्यों के प्रतिनिधि इस ऐतिहासिक करार को अंतिम रूप देंगे। समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह दोपहर 12 बजे कर्तव्य भवन नई दिल्ली में आयोजित होगा। करीब 15,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली किशाऊ परियोजना ऊपरी यमुना बेसिन की सबसे बड़ी जल एवं ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल है। इसकी जल भंडारण क्षमता 1,324 मिलियन घन मीटर होगी।



### दिल्ली में सीएम धामी, चारधाम यात्रा को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास से चारधाम यात्रा को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा से जुड़े विषयों पर समीक्षा की। बैठक में संबंधित अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सीएम धामी ने अधिकारियों से यात्रा के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान चारधाम यात्रा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड निवास से वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लिया। चारधाम यात्रा के दूसरे चरण का आगाज मंगलवार (आज) से होगा।

## सड़कें हुईं संकरी, अतिक्रमण के खिलाफ जवाहर ज्योति में फूटा लोगों का गुस्सा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सड़कें जनता के चलने के लिए हैं, लेकिन जब रास्तों पर ही कब्जे बढ़ने लगें तो लोगों का सब्र भी जवाब देने लगता है। जवाहर ज्योति क्षेत्र में सोमवार को कुछ ऐसा ही देखने को मिला। चौफुला चौराहे से हल्दीखाल समेत विभिन्न मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ वार्ड-37 के लोगों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से अतिक्रमण के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सड़क किनारे लगातार कब्जे बढ़ने से मार्गों की चौड़ाई घटती जा रही है। इससे पैदल राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि समय रहते अतिक्रमण पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उचित कार्रवाई का भरोसा देकर लोगों को शांत कराया।



### विधायक से मुलाकात के बाद सड़क पर प्रदर्शन

स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या को लेकर रविवार को विधायक से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया गया था। इसके बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार को लोगों ने प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार दमुवादूंगा क्षेत्र की संबंधित भूमि राजस्व विभाग के अधीन है। वर्तमान में राजस्व विभाग की ओर से भूमि का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद भूमि की स्थिति के अनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में मन्नू गोस्वामी, मयंक, विजय, गीता बिष्ट, उर्मिला जोशी, दीपा, ममता, लीला, अर्जुन और कमल कोरंगा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## गुरुग्राम हिट एंड रन: पुलिस ने लिया आरोपी को राजस्थान से हिरासत में

गुरुग्राम
हमारे संवाददाता

घटना रविवार को गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर हुई थी। बाइक राइडर सिया अन्य बाइकर्स के साथ अपनी अप्रिलिया आरएस 457 स्पोर्ट्स बाइक चला रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक कार उनका पीछा करने लगी थी। बाद में इसी कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। जिसके बाद से आरोपी कल्याण फरार था। अब पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

हिट एंड रन केस में गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने उसे राजस्थान के दौसा से हिरासत में लिया है। क्राइम ब्रांच की तीन टीमें आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही थी। वहीं, केस में पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा जोड़ी है। सीसीटीवी फुटेज एनालिसिस और वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

घटना रविवार को गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर हुई थी। बाइक राइडर सिया अन्य बाइकर्स के साथ अपनी अप्रिलिया आरएस 457 स्पोर्ट्स बाइक चला रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक कार उनका पीछा करने लगी थी। बाद में इसी कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। बाइक राइडर सिया ने अपने वीडियो में इस घटना को जानबूझकर की गई कार्रवाई बताया है।

## चंद्रशेखर आजाद के काफिले को रोकने पर भड़का आक्रोश

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

गोंडा में निषाद समाज के विनोद साहनी की हत्या के बाद पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले को बाराबंकी में रोके जाने का मामला अब नैनीताल तक पहुंच गया है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की नैनीताल इकाई ने घटना के विरोध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

संगठन का आरोप है कि 13 सितंबर को चंद्रशेखर आजाद लखनऊ से गोंडा जा रहे थे। बाराबंकी में शहाबपुर टोल, मसौली और रामनगर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उनका



काफिला रोक दिया। इस दौरान पहले से मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने काफिले पर जूता फेंकने, नारेबाजी और कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की की। विरोध में सांसद को डाक बंगले के सामने करीब दो घंटे धरने पर बैठना पड़ा। संगठन ने सवाल उठाया कि जब निर्वाचित सांसद की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं तो आम दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग के लोगों की सुरक्षा की क्या स्थिति होगी?

ज्ञापन में बाराबंकी में काफिला रोकने और कथित हमले के मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की गई। इसके अलावा गोंडा में विनोद साहनी हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा और सुरक्षा देने की मांग उठाई गई। संगठन ने सांसद चंद्रशेखर आजाद को जेड प्लस सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की।

साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन कार्यक्रम में नफीस अहमद खान, सुरेश चंद्र बेरी, सिराज अहमद, जीतराम, अनवर अंसारी, मोइन खान, आफताब आलम, नादिर सैफी, इरशाद हुसैन, सुलैमान मलिक, बालकिशन, नवीन मूलनिवासी, रिजवान गुड्डू, इरशाद बेग, पीआर टम्टा, आरपी गंगोला समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजादी के 75 साल बाद नदगलगांव पहुंचेगी सड़क

## मंत्री राम सिंह कैड़ा किया मोटर के निर्माण कार्य का शुभारंभ, ग्रामीणों वर्षो से कर रहे थे मोटर मार्ग निर्माण की मांग

धारी

हमारे संवाददाता

जिले के धारी बलॉक के ग्राम सभा महतोलियागाँव नदगल के ग्रामीणों आजादी से आज तक मोटर मार्ग निर्माण करने की मांग कर रहे थे मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को मुखय मार्ग तक अपना सामान लानेए मरीजो को घोडो या कंधे में लाना पड़ता था।

किसानों को अपनी उपज को मंडी पहुंचने तक सारा पैसा किराये भाड़े में लग जाता था। यहा के लोगो को काफी परेशानियों का समाना करने पड़ता था! ग्रामीणों ने कहा यहां के ग्रामीणों ने पूर्व में कई जनप्रतिनिधियों से भी मोटर मार्ग बनाने की मांग की लेकिन किसी ने ग्रामीणों की नहीं सुनी। ग्रामीणों ने मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग के निर्माण करने की मांग की।मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुऐ पहले मोटर मार्ग बनाने हेतु वन व पर्यावरण विभाग से स्वीकृति कराई जिसके बाद मुखयमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विभाग के अधिकारियो से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा थाए मंत्री



कैड़ा ने मुखयमंत्री से मोटर मार्ग निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने मोटर मार्ग निर्माण के लिए शासन से धनराशि स्वीकृति करा कर आज मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री कैड़ा ने कहा जल्दी ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो जायेगा। क्षेत्र के लोगों ने मंत्री कैड़ा का फूल मालाओ व ढ़ोल नगाड़ो से स्वागत कर धन्यवाद दिया। मंत्री कैड़ा ने कहा मेरा प्रयास है हर गाँव को सड़क से जोड़ सकू जिस दिशा मै कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, ललित मोहन शर्मा, प्रकाश चंद्र नानू, निर्मल बर्गली, अनिल कुमार, विवेक डंगवाल तथा प्रधान गण व क्षेत्र पंचायत गण सैंकड़ों की संखया में ग्रामीणों मौजूद रहे।



# बलाक प्रमुख डा.बिष्ट की पहल पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट न्याय पंचायत के ज्योली ग्राम सभा में सोमवार को बलाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट की पहल पर नेशनल मोबाईल मेडिकल यूनिट की टीम द्वारा विशेष स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों से लेकर युवा, बड़े तथा बुर्जुगों का स्वास्थ प्ररिक्षण किया गया।

स्वास्थ शिविर में छोटे बच्चों में पीलिया होने के लक्षण पाये गए, हालाकि कुछ लोग बुखार तथा निमोनिया अन्य रोगों का इलाज अस्पतालों में करा रहे हैं। बलाक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट ने मौका स्थल पर जाकर बीमारी से जुझ रहे लोगों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब पीलिया रोग पर स्वास्थ विभाग की मुस्तैदी के चलते काफी हद तक नियन्त्रण कर लिया है।

उन्होनें बताया कि हल्द्वानी एवं भवाली से टैंकरो द्वारा शुद्ध जल की आपूर्ति जल संस्थान विभाग द्वारा हर दिन कराई जा रही है। स्वास्थ शिविर में पचास लोगो की स्वास्थ जाँच की गई तथा सात लोगों को पीलिया होने की पुष्टि हुई, स्वास्थ शिविर में स्वास्थ्य की जाँच डा0. अंकित और उनकी टीम के सहयोगी आँचल, आशिष, कंचन, प्रफुल,धर्मेंद्र तथा शकुन्तला आदि द्वारा विशेष सहयोग किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान शेखर भट्ट, उपप्रधान लछम सिंह, धीरज जीना, दीपक साह, कुन्दन जीना तथा पुष्कर जोशी आदि लोग मौजूद थे।

# ज्योलिकोट में सीएमओ डॉ. पंत की निगरानी में जारी स्वास्थ्य सेवाएं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ज्योलिकोट क्षेत्र में सीएमओ डॉ. रश्मि पंत की सीधी निगरानी में स्वास्थ्य सेवाएं एवं निगरानी अभियान लगातार जारी है। स्वास्थ्य शिविरों एवं घर.घर जाकर 301 लोगों जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 82 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान बलड सैंपल लिए गए तथा गंभीर लक्षण वाले 3 मरीजों को भर्ती कराया गया।

मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाएं मुहैया कराई गईं। दिल्ली से आए डॉ. सत्येंद्र पाल सिंह असिस्टेंट प्रोफेसरए डिपार्टमेंट ऑफ हेपेटोलॉजी एवं डॉ. रेशु अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ कलिनिकल वायरोलॉजी तथा श्री आशीष ने बेस अस्पताल हल्द्वानी, मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी, सेंट्रल हॉस्पिटल एवं चंदन हॉस्पिटल में भर्ती ज्योलिकोट क्षेत्र के मरीजों से मुलाकात कर उनके उपचारए औषधियों एवं स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। टीम द्वारा उपचार की समीक्षा में पाया गया कि मरीजों का इलाज सही दिशा में चल रहा है तथा उन्हें आवश्यक दवाएं एवं



चिकित्सकीय देखभाल मिल रही है। विशेषज्ञ टीम द्वारा कल ज्योलिकोट क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा।

क्षेत्रवासियों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए नीलकंठ हॉस्पिटल हल्द्वानी की वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट द्वारा ओपीडी सेवाएं प्रदान की गईं। सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि पेयजल को उबालकर अथवा सुरक्षित तरीके से शुद्ध करने के बाद ही उपयोग करें और व्यक्तिगत एवं आसपास की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। किसी भी स्वास्थ्य समस्या या लक्षण की स्थिति में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा स्वास्थ्य टीम से संपर्क करें।

## NEWS / फटाफट

### देवीधूरा में आबादी के बीच तेंदुए की दस्तक

**नैनीताल** । नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ रोजाना देर रात आबादी के आसपास और घरों के समीप दिखाई दे रहा है। बरसात के कारण क्षेत्र में घास और झाडि?ां बढ़ जाने से तेंदुए के छिपने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त कराने और तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि देवीधूरा क्षेत्र में वन विभाग की टीम से गश्त कराई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से देर रात अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। साथ ही घरों के बाहर रात के समय पर्याप्त रोशनी रखने को कहा है। उन्होंने ग्रामीणों से तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की है।

### 23 सितंबर को डोला भ्रमण के लिए खुलेगी लोअर माल रोड

**नैनीताल** । नैनीताल की लोअर माल रोड पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते बंद सड़क को नंदा देवी महोत्सव के डोला भ्रमण के लिए 23 सितंबर को अस्थायी रूप से खोला जाएगा। डोला भ्रमण के बाद सड़क को दोबारा बंद कर निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। यातायात के लिए लोअर माल रोड को पूरी तरह से 10 अक्टूबर से खोलने की तैयारी है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि सीतापुर आई हॉस्पिटल के आगे बनाए गए रैंप को तोड़कर 23 सितंबर को सड़क डोला भ्रमण के लिए खोल दी जाएगी। डोला गुजरने के बाद सड़क को फिर से बंद कर निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद 10 अक्टूबर से लोअर माल रोड को यातायात के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

### मॉलरोड पर वाहनों की कतार से लगा जाम, लोग परेशान

**नैनीताल** । नैनीताल में सोमवार को नगर की मॉलरोड पर वाहनों की लंबी कतार लगने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। सड़क पर वाहनों का दबाव बढने के साथ कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गईए जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और वाहनों को व्यवस्थित कर जाम खुलवाया। यातायात निरीक्षक दरबान सिंह ने बताया कि यातायात को सुचारु रखने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और सड़क पर वाहन खड़ा न करने की अपील की है।

### कुलदीप बने अखिल भारतीय विवि कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**नैनीताल** । हैदराबाद (तेलंगना) में 9 से 12 सितंबर तक आयोजित अखिल भारतीय विवि कर्मचारी संघ के आयोजित अधिवेशन में कुमाऊं विवि नैनीताल के वरिष्ठ कर्मचारी नेता कुलदीप सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए। बता दें वर्तमान में कुलदीप सिंह उत्तराखंड विवि कर्मचारी संघ के संरक्षक तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कुविवि कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष भी हैं। कुलदीप सिंह के मुताबिक अधिवेशन में कुविवि के वरिष्ठ कर्मचारी नेता भूपाल सिंह करायत तथा डा.लक्ष्मण सिंह रौतेला के साथ ही प्रशांत मेहता को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। दूसरी ओर कुलदीप सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कुविवि परिवार नैनीताल ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नैनीताल-काठगोदाम मार्ग पर मलबा गिरने से यातायात बाधित

**नैनीताल** । नैनीताल-काठगोदाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को दो गांव क्षेत्र में पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर गिरने से यातायात प्रभावित रहा। मलबा सड़क पर आने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे मार्ग से गुजर रहे यात्रियों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें कि दो गांव क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पहाड़ी से लगातार मलबा गिर रहा है। सोमवार को भी बड़ी मात्रा में मलबा सड़क पर आता रहा। जिससे यातायात कई बार प्रभावित रहा। सूचना मिलने के बाद एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से सड़क से मलबा हटाने का काम शुरू किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्नी बाबू राजपूत

# नैनीताल में मेला स्थल पर जलभराव देख भड़के एसडीएम, महोत्सव शुरू होने से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में नंदा देवी महोत्सव शुरू होने में अब कुछ ही समय शेष हैए लेकिन मेला स्थल पर जलभराव ने तैयारियों की पोल खोल दी। सोमवार को निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पानी जमा मिलने पर एसडीएम नवाजिश खलीक ने नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल मैदान में निर्धारित छह एमएम बजरी डालकर जलभराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने अधिकारियों के साथ मेला स्थल और नयना देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर दुकानों, गेट तथा पंडाल व अस्थायी चौकी समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।



मेला स्थल पर अधिकांश दुकानों का निर्माण पूरा हो चुका है। मंगलवार शाम तक गेटए दुकानए अस्थायी चौकी समेत अन्य निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस को मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुलिस नियंत्रण कक्ष से लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं वही बड़ा बाजार क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिए की गई खुदाई से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। आयोजकों ने इसकी जानकारी एसडीएम को दी। इस पर उन्होंने लोनिवि अधिकारियों को मेला शुरू होने से पहले खुदाई वाले हिस्से को भरकर रास्ता सुचारु करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि महोत्सव के दौरान व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सत्यापन के बिना दुकान लगाने पर होगी कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में मां नंदा महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने दुकान लगाने वाले व्यापारियों और फड़ संचालकों से सत्यापन कराने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि मेले में दुकान लगाने से पहले सभी दुकानदार अपना पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं ताकि बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित की जा सके और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को कम किया जा सके।

कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी व्यापारी पहुंचते हैं। साथ ही उनकी दुकानों में कई कर्मचारी भी काम करते हैं। ऐसे में उनकी पहचान और पते का सत्यापन सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी है। पुलिस ने दुकानदारों से आधार कार्ड समेत आवश्यक पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज मुहैया कराने



व सत्यापन कराने को कहा है। बताया कि मेला क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी। दुकानदारों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लावारिस वस्तु मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और किसी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सत्यापन का उद्देश्य दुकानदारों को परेशान करना नहींए बल्कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।

# अभिमत



## जागरूक युवा

*तेज गर्मी के मौसम में धूप और सर्दी में कोहरे के दौरान घंटों लाइन में खड़े होकर युवा सिर्फ वोट नहीं देगा, बल्कि रोजगार भी मांगेगा। चुनाव आयोग जागरूक मतदाता तैयार कर रहा है, तो सत्तारूढ़ समेत सभी राजनीतिक दलों को सतर्क होने की जरूरत है। चुनाव पूर्व घोषणा-पत्र में आसमान से तारे तोड़कर लाने जैसे सपने नहीं दिखाये जा सकते हैं। जागरूक युवा मतदाता घोषणा-पत्र के वायदों को पूरा कराने की ताकत भी रखेगा। चुनाव आयोग जब कक्षा नौ के छात्रों को जागरूक करेगा तो वह शिक्षा व्यवस्था की कमियों पर भी सवाल पूछ सकते हैं।*

किसी भी परिवार, समाज और देश में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इतिहास गवाह है कि युवा ही बदलाव लाते हैं। भारत को स्वतंत्रता दिलाने का श्रेय युवाओं को है। आजादी के बाद हर क्षेत्र में देश की प्रगति में युवाओं ने योगदान किया। कटु सत्य यह है कि बेरोजगारी के कारण युवाओं की ऊर्जा का पूरी तरह सदुपयोग नहीं हो पाया। निर्वाचन आयोग वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव तक जेन-अल्फा और जेन-जी को जागरूक मतदाता के रूप में तैयार करेगा। चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने का अभियान चलाया जायेगा। कक्षा नौ से लेकर विश्वविद्यालय तक के छात्रों को मतदान और चुनाव का महत्व समझाया जायेगा। यह भी तय है कि जागरूक युवा को 'वोट बैंक' की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। शासन व्यवस्था में बदलाव का जरिया युवा बन सकते हैं। दरअसल हर बार चुनाव से पहले मतदान के लिए जागरूक करने का अभियान चलाया जाता है। अब युवाओं पर विशेष ध्यान देने की वजह युवाओं में आक्रोश को शांत करना है। कई देशों में युवाओं ने सत्ता पलट दी है। तेज गर्मी के मौसम में धूप और सर्दी में कोहरे के दौरान घंटों लाइन में खड़े होकर युवा सिर्फ वोट नहीं देगा, बल्कि रोजगार भी मांगेगा। चुनाव आयोग जागरूक मतदाता तैयार कर रहा है, तो सत्तारूढ़ समेत सभी राजनीतिक दलों को सतर्क होने की जरूरत है। चुनाव पूर्व घोषणा-पत्र में आसमान से तारे तोड़कर लाने जैसे सपने नहीं दिखाये जा सकते हैं। जागरूक युवा मतदाता घोषणा-पत्र के वायदों को पूरा कराने की ताकत भी रखेगा। चुनाव आयोग जब कक्षा नौ के छात्रों को जागरूक करेगा तो वह शिक्षा व्यवस्था की कमियों पर भी सवाल पूछ सकते हैं। विश्वविद्यालय स्तर के छात्र रोजगारपरक प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल माफिया, पेपर लीक और राजनीतिक सिफारिश तथा रिश्वत से नौकरी मिलने के बारे में चुनाव आयोग के सामने परेशानी खड़ी कर सकते हैं। युवा सत्ता में भागीदारी भी मांगेंगे। चलने-फिरने से मजबूर, जीवन के सात-आठ दशक पूरे कर चुके नेताओं को खारिज करके युवाओं को जनप्रतिनिधि चुनने को प्राथमिकता दी जायेगी। अयोग्य तथा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को युवा स्वीकार नहीं करेंगे। जेन-जी और जेन-अल्फा अपने से पिछली वाली पीढ़ी से अधिक जागरूक हैं। राजनीतिक दलों को संगठन में भी युवाओं को प्राथमिकता देने की जरूरत है, जिससे जनाधार तैयार हो सके।

# स्व0 गिरिजा शंकर का असमय जाना बहुत बड़ी क्षति: धामी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



जिला सूचना अधिकारी स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर मीडिया सेंटर हल्द्वानी में आयोजित शोक सभा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दूरभाष के माध्यम से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय जोशी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा, ऐसा कभी सोचा भी नहीं था कि इस तरह श्रद्धांजलि देनी पड़ेगी। गिरिजा शंकर जोशी जी हर समय खड़े रहने वाले और निरंतर काम करने वाले व्यक्ति थे। उनका इस तरह असमय चले जाना बेहद दु:खद है। मैं व्यक्तिगत रूप से बहुत आहत हूं।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जोशी का जाना हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जोशी जी भले ही इस संसार से चले गए हैं, लेकिन स्वर्गीय जोशी ने अपने कार्यों और व्यवहार से जो पहचान बनाई, वह सदैव स्मरण में रहेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है और भविष्य में भी परिवार को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी का नाम और उनके कार्य आने वाले समय में भी लोगों को याद रहें, इसके लिए सभी से चर्चा कर आवश्यक कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समस्त पत्रकारों ने दूरभाष पर जुड़े मुख्यमंत्री पुष्कर से धामी से सामूहिक रूप से प्रस्ताव रखा कि हल्द्वानी में बन रहे नवीन मीडिया सेंटर का नामकरण स्व. गिरिजा शंकर जोशी जी के नाम पर किया जाए। जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि स्वर्गीय जोशी जी व उनकी यादें, अच्छे कार्य आने वाले समय में भी स्मरणीय बनाने के लिए विचार विमर्श कर सभी की सहमति से कार्य किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी.सी., दर्जा राज्य मंत्री ध्रुव रौतेला, मीडिया कोऑर्डिनेटर कमलेश भट्ट, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, उपजिलाधिकारी रेखा कोहली, कोषाधिकारी द्वारिका प्रसाद वर्मा, सूचना अधिकारी मीडिया सेंटर अहमद नदीम सहित समस्त पत्रकारगण, सूचना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में स्वाति और विपिन ने हासिल की सफलता

**हल्द्वानी।** ममता एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी,गोरा पड़ाव द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद एवं प्रतिभावान बच्चों को निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में संस्था से जुड़े कक्षा 9 के दो विद्यार्थियों स्वाति और विपिन ने सरकारी विद्यालयों के लिए आयोजित मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा को सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर संस्था एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। स्वाति धौला खेड़ा स्कूल, गोरा पड़ाव में कक्षा 9 की छात्रा है, जबकि विपिन इंटर कॉलेज, मोतीनगर में कक्षा 9 का छात्र है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर इस महत्त्वपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर ममता एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। संस्था की ओर से कहा गया कि बच्चों की इस सफलता में उनकी अपनी मेहनत और लगन सबसे महत्वपूर्ण है।

## नैनीताल में शोक सभा आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिला सूचना कार्यालय नैनीताल में सोमवार को दिवंगत जिला सूचना अधिकारी स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर नगर के पत्रकारों तथा सूचना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शोक सभा आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय जोशी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

श्रद्धांजलि सभा में सूचना संपादक कमलेश भट्ट ने कहा कि गिरिजा शंकर जोशी सदैव अपने दायित्वों के प्रति समर्पित रहते थे। वह हर परिस्थिति में मजबूती के साथ खड़े रहने वाले और दिन.रात पूरी निष्ठा से कार्य करने वाले व्यक्ति थे। उनका इस तरह असमय हम सभी के बीच से चले जाना बेहद पीड़ादायक और दुखद है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी का निधन व्यक्तिगत रूप से भी उनके लिए गहरा आघात है। उन्होंने अपने कार्य, व्यवहार और सहज व्यक्तित्व से जो पहचान बनाई वह लंबे समय तक लोगों के बीच स्मरणीय रहेगी। उनका योगदान और उनकी कार्यशैली हमेशा याद की जाएगी।

शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा कि जिला सूचना कार्यालय नैनीताल में नव निर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का नाम तथा कुमाऊं के मुखय द्वार हल्द्वानी में निर्माणाधीन नवीन मीडिया सेंटर का नाम स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के नाम पर रखा जाना चाहिएए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनके योगदान को याद रख सकें। पत्रकारों के प्रस्ताव पर सूचना संपादक कमलेश भट्ट ने कहा कि स्वर्गीय जोशी की स्मृतियों और उनके उल्लेखनीय कार्यों को स्थायी रूप से यादगार बनाने के लिए ये सभी माँग मुखयमंत्री तक तत्काल पहुंचाई जाएंगी। शोक सभा में जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम नारायण, वरिष्ठ पत्रकार चंद्रेक बिष्ट, किशोर जोशी, अफजल हुसैन फ़ ैजी, रवि पाण्डे, दामोदर लोहनी, कमल जगाती, तेज सिंह, गौरव जोशी, सुनील बोरा, वीरेन्द बिष्ट, नरेश कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार, नवीन तिवारी, राजू पाण्डे, सुरेश कांडपाल, शीतल तिवारी, गुड्डू ठठोला, तनुज पाण्डे, आकांक्षी, योगिता तिवारी, दीप्ती बोरा तथा सुमन सहित नगर के पत्रकारगण, सूचना विभाग के पवन नेगी, उमेद जीना, मोहन फुलारा, योगेश तथा हेमा उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## ठंडे बस्ते में गई हैवान वीकएंड के बाद गिरी हनुमान अंश और मिर्जापुर की कमाई



*इन दिनों हनुमान अंश और मिर्जापुर द मूवी की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त टक्कर देखने को मिल रही है। वहीं अक्षय कुमार की फिल्म हैवान की शुरुआत काफी फीकी रही।*

*जहां एक तरफ मिर्जापुर द मूवी और हनुमान अंश थिएटर्स में अपना दबदबा बनाए हुए है, वहीं दूसरी ओर अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म हैवान की कमाई शुरू होने से पहले ही बंद होती नजर आ रही है। जानिए इन सभी फिल्मों ने आज सोमवार को कितना कलेक्शन किया है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म मिर्जापुर द मूवी रिलीज के बाद से ही धमाल मचाए हुए है। आज इसको रिलीज हुए 11 दिन पूरे हो गए हैं। वीकएंड के बाद इसकी कमाई में गिरावट देखने को मिली है। जहां इसने कल रविवार को 13.25 करोड़ की कमाई की थी, वहीं आज सोमवार के दिन यही कमाई गिरकर 2.96 करोड़ की हो गई है। देर रात तक इसकी कमाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 187.66 करोड़ हो गया है। अब फिल्म की नजरें 200 करोड़ पर हैं।*

### हनुमान अंश का कब्जा

- *फिल्म हनुमान अंश ने अपनी कमाई से सबको हैरान करके रख दिया है।*
- *फिल्म को रिलीज हुए 39 दिन हो गए हैं।*
- *इसके बावजूद ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छठे हफ्ते भी टॉप पर बनी हुई है।*
- *वीकएंड के बाद इसकी कमाई में भी गिरावट देखने को मिली है।*
- *कल रविवार को इसने 22.50 करोड कमाए थे, वहीं आज सोमवार के दिन ये कमाई गिरकर 4.46 करोड़ की हो गई है।*
- *इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 219.09 करोड़ हो गया है।*

## नहाने गया बच्चा, रोशनदान में बैठा था फन फैलाए कोबरा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



बस कुछ सेकंड औरज और मंगलवार सुबह एक घर में बड़ा हादसा हो सकता था। नहाने के लिए बाथरूम में दाखिल हुए बच्चे की नजर जैसे ही ऊपर रोशनदान पर पड़ी, उसके होश उड़ गए। रोशनदान में एक विशाल कोबरा फन फैलाए बैठा था। सांप को देखते ही बच्चा घबराकर बाथरूम से बाहर भागा और मां को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते घर में चीख–पुकार और दहशत का माहौल बन गया।

घटना पीलीकोठी स्थित जॉब आईटीआई के पास चंदन सिंह भंडारी के आवास की है। बच्चे की सूचना पर परिजनों ने तत्काल आसपास के लोगों को बताया। इसी बीच पीली कोठी निवासी संजय तिवारी के पास रेस्क्यू सदस्य सुभाष चंद्र का नंबर मौजूद था। सूचना मिलते ही सुभाष चंद्र मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू सदस्य ने रोशनदान में बैठे कोबरा को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत की। काफी प्रयास के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया। कोबरा के पकड़े जाने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, अगर बच्चे की नजर समय रहते रोशनदान में बैठे सांप पर नहीं पड़ती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। रेस्क्यू सदस्य की तत्परता से सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया और संभावित हादसा टल गया। घटना के बाद इलाके में भी दहशत फैल गई और लोग घरों में सांपों से बचाव को लेकर सतर्क नजर आए।

News कॉर्नर

## गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा शहर

**रुद्रपुर।** सिडकुल में हर वर्ष की भांति इस बार भी गणेश महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। श्री सनातन धर्म पांच मंदिर से गणपति बप्पा की विशाल मूर्ति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद नैनीताल हाईवे स्थित सिडकुल चौक पर बनाए गए पंडाल में गणपति की मूर्ति को स्थापित किया गया। सोमवार को निकाली गई शोभायात्रा शहर के अनेक मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं के गणपति बप्पा के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। गजानन की विशाल प्रतिमा को देख लोग अभिभूत हो गए और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। का शुभारंभ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कहा कि गणेश चतुर्थी महाराष्ट्र से लेकर पूरे देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। मंगलवार को (आज) सिडकुल चौक पर गणेश महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान संजय सिंघल, अजय तिवारी, अमित गोड, संदीप सिंह, सोनू अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## गणेश महोत्सव के धूम, बप्पा के जयकारे गूंजे

**काशीपुर।** गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम में गणेश महोत्सव पर गणेश भगवान को विराजमान किया गया। इस दौरान मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण रासलीला के मंचन का शुभारंभ हुआ। सोमवार को सुबह भगवान गणेश की मूर्ति की मंदिर से नगर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान गणेश की मूर्ति को विधिवत स्थापित किया। लोगों ने भजन-कीर्तन से माहौल को भक्तिमय बनाया। वहां महंत बाबा लखनदास महाराज, बाबा चमन ऋषि महाराज, बीरू बाबा, पंडित केवलानंद जोशी, सौरभ सक्सेना, डॉ. विकास गहलौत, राजेश शर्मा, कृष्ण गोपाल सक्सेना आदि रहे।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में गणेश चतुर्थी का भव्य शुभारंभ

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में गणेश चतुर्थी के तीन दिवसीय समारोह का भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। कॉलेज ऑफ फ र्मेसी द्वारा आयोजित समारोह में विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भगवान गणेश का स्वागत किया।

समारोह की शुरुआत पर्यावरण.अनुकूल भगवान गणेश की प्रतिमा को रंग.बिरंगी झांकी के साथ कैंपस में लाने से हुई। ढोल.नगाड़ों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। भीमताल कैंपस के निदेशक ने स्वयं भगवान



गणेश की प्रतिमा को लेकर शोभायात्रा का नेतृत्व किया। विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक ढंग से सजाई गई झांकी को पोर्च क्षेत्र में बनाए गए सुंदर मंडप तक ले जाया गयाए जहां विधिवत मूर्ति स्थापना की गई। इसके बाद पूजा.अर्चना, शंखनाद तथा मंदिर की घंटियों और भजनों के बीच विश्वविद्यालय परिवार ने भगवान गणेश की आरती कर सुख.समृद्धि एवं मंगल की कामना की। विद्यार्थियों और स्टाफ की पारंपरिक पीले एवं लाल रंग की पोशाकों ने समारोह की भव्यता को और बढ़ा दिया।इस अवसर पर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को जीवंत किया। गणेश वंदना के बाद कुमाऊंनी एवं मराठी नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों के भजनों और म्यूजिक कलब स्वर तरंग की प्रस्तुति ने समारोह को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।समारोह का पहला दिन भक्ति, संगीत और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# गणेश महोत्सवः मूर्ति स्थापना व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा रजि० हल्द्वानी द्वारा भगवान श्री गणेश जी के भव्य आगमन एवं मूर्ति स्थापना का आयोजन श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। वैश्य महासभा प्रतिवर्ष गणेश जी प्रतिमा प्रकृतिअनुकूल शुद्ध मिट्टी की बनाते हैं। वैश्य महासभा के

व्यास पंडित विवेक शर्मा ने विधि विधान मंत्रोचार के साथ मूर्ति स्थापना कराई जिस वैश्य महासभा, अध्यक्ष, श्री राजीव अग्रवाल, महामंत्री, दिनेश कुमार गुप्ता, विनोद गर्ग पूजा यजमान रहे कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष, मनोज गुप्ता जी बद्रीप्रसाद उपाध्यक्ष तनुज गुप्ता , विनोद गुप्ता , राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, राम बाबू जैसवाल, राजेंद्र अग्रवाल, अशोक वार्ष्णेय , मुकेश लहरिया, राम किशोर जैसवाल, किशन लाल गुप्ता, विनोद कुमार गर्ग, सुरेश केसरवानी, युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष सुशील साहू , महामंत्री यश गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण कुमार गुप्ता ,



मीडिया प्रभारी वैभव गुप्ता सुमित साहू, उमेश कुमार गुप्ता, मयंक अग्रवाल, राज केसरवानी, सचिन जैसवाल, वैश्य महिल अध्यक्ष राशि जैन, महामंत्री रश्मि गुप्ता, महामंत्री ज्योति देवल, स्नेह लता गुप्ता जी एवं अन्य भगत उपस्थित रहे।

शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला प्रारंभ हुई प्रथम दिवस पर पंडित हरी शास्त्री जी के प्रवचन उन्होंने भगवान गणेश के जीवन पर प्रकाश डाला इसके बाद कई डांस अकैडमी सैकड़ों बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक धार्मिक प्रस्तुति दी । आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिन का कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं समाज के लोगों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## गणेश महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखेगी स्थानीय प्रतिभाओं की झलक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा, हल्द्वानी की ओर से इस वर्ष 23वां गणेश महोत्सव आज से 20 सितंबर तक धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर रविवार को महासभा पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।महासभा के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि गणेश महोत्सव की शुरुआत 14 सितंबर को प्रातः 9 बजे गणपति की विधिवत मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना के साथ होगी। इसके बाद प्रतिदिन प्रातःकालीन पूजा तथा शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में नगर के करीब 80 विद्यालयों के लगभग 1500 कलाकार विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को विभिन्न वर्गों में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं 19 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विशेष प्रस्तुति एवं नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। महासभा पदाधिकारियों ने बताया कि 20 सितंबर को गणेश प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा। महासभा के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एवं महामंत्री दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गणेश महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना है। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में पहुंचने की अपील की।



# होली ग्राउंड में गणेश महोत्सव का शुभारंभ, विधि-विधान से हुई गणपति की मूर्ति स्थापना

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गणेश चतुर्थी के अवसर पर होली ग्राउंड में देवभूमि सामाजिक मंच की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव का धूमधाम से शुभारंभ किया गया। सोमवार को विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की गई।

मूर्ति स्थापना के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। महोत्सव को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, महामंत्री अजय गोयल, कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद, किशोर वार्ष्णेय, पवन गुप्ता, गणेश साहू, हिमांशु वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, विजय गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, रेनू केसरवानी, राजकुमार केसरवानी, कमल राजपाल, मंगल जीना सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

मुख्य कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय ने बताया कि गणेश महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव का समापन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ किया जाएगा।



## भक्तों ने लिया गणपति भगवान का आशीर्वाद

**खटीमा।** सर्राफा एसोसिएशन खटीमा और गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र की ओर से सोमवार को संयुक्त रूप से गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने क्षेत्रवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष संग विराजे गजानन

**सितारगंज/गदरपुर**

हमारे संवाददाता

श्री गणपति सेवा समिति की तरफ से गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। सोमवार को रामलीला मंच में विधिविधान से भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया गया। इससे पहले प्रतिमा को महाराणा प्रताप चौक से शोभायात्रा के रूप में रामलीला मैदान पहुंचाया गया। यहां पुरोहित संजय शर्मा ने पूजा-अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना कराई। वहां नगर पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, समिति संरक्षक लाल सिंह दायमा, संपत राम गोयल, एडवोकेट अमित रस्तोगी, शुभम गोयल, प्रकाश मित्तल, प्रदीप चिटकारा, रमेश गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। इधर, गदरपुर के पुरातन सनातन धर्म मंदिर में सोमवार को सात दिवसीय गणेश महोत्सव के शुभारंभ पर इस अवसर पर गणेश पूजन, कलश पूजन, षोडश मातृका, नवग्रह सहित विभिन्न देवी-देवताओं का पूजन किया गया। भगवान गणेश की दूर्वा से भी पूजा की गई। पंडित विजय कुमार शास्त्री ने गणेश की प्रतिमा स्थापना कराई। वहां मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंधी, अजीत भुसरी, सीताराम चौहान, संजीव पपनेजा, नीरू कोचर, भावना सिंह और लक्ष्मी चौहान सहित महिला मंडल की सदस्याएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति व परंपरा को जीवंत करेगा नंदा महोत्सव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में बुधवार 16 सिंतबर से शुरु होने जा रहे श्री मां नंदा देवी महोत्सव को लेकर आयोजक प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की तैयारियां तेज हो गई हैं। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार पिथौरागढ़ की शोर घाटी का प्रसिद्ध लखिया भूत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुखय आकर्पण का केंद्र रहेगा।

महोत्सव को लेकर सोमवार को श्री राम सेवक सभा भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता के दौरान सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी तथा सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी व सभा के मीडिया प्रभारी प्रो. ललित तिवारी ने बताया



कि नंदा देवी महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि देवभूमि उत्तराखंड और हिमालय की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और लोगों के रहन.सहन से जुड़ा महत्वपूर्ण लोक पर्व है, वर्षभर लोग इस महोत्सव का इंतजार करते हैं। बताया कि महोत्सव में स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी, विभिन्न सांस्कृतिक दलों के साथ पारंपरिक छोलीया नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।

बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 16 सितबर को अतिथियों द्वारा किया जाएगा,उसके बाद उन्होंने 23 सितबर तक होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि इस वर्ष स्कूली बच्चों की झांकियों और छोलिया दलों के साथ स्थानीय महिलाओं का झोड़ा भी आकर्षण का केंद्र रहेगा वही अखाड़े, आकर्षक झांकियां और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को विशेष महत्व दिया जाएगाए झोड़ा नृत्य समेत अन्य लोक विधाओं की शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

वार्ता में सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, मुकेश जोशी, देवेंद्र लाल साह, प्रो. ललित तिवारी, कमलेश ढौंडियाल, भीम सिंह कार्की, मोहित लाल साह, अशोक साह,भुवन बिष्ट, राजेंद्र लाल साह, विमल चौधरी, घनश्याम लाल साह, हरीश राणा, दीपक साह, कैलाश बोरा, आनंद बिष्ट साह आदि मौजूद रहे।